Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांक 05 / 06 / 2022

प्रकाशनार्थ

## रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में बताया

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्राणी विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विभाग ग्रीन कैंपस इनिशिएटिव और गोरखपुर यूनिवर्सिटी वीमेन वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर एक ऑनलाइन व्यख्यान का 5 जून 2022 को अपराह्न 3.00 बजे आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कर्नल शशिकान्त दलवी पुणे ने विश्व पर्यावरण दिवस 2022 की थीम "Only One Earth" यानी केवल एक पृथ्वी है पर व्यख्यान दिया ।

कर्नल शशिकांत दलवी पुणे के प्रसिद्ध जल संरक्षणवादी सेवानिवृत्त सेना के 72 वर्ष के व्यक्ति हैं जो पिछले 16 वर्षों से महाराष्ट्र में लोगों को न केवल रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग (आरडब्ल्यूएच) के विषय में बताते हैं बल्कि रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग (आरडब्ल्यूएच) परियोजना को सफलतापूर्वक डिजाइन और कार्यान्वित करने में अपनी परजन्या, रेन वाटर हार्वेस्टिंग कंसल्टेंसी द्वारा मदद करते हैं। इसके अलावा ब्वस. दलवी श्री अल गोर (नोबेल पुरस्कार विजेता और पूर्व वीपी यूएसए) द्वारा प्रशिक्षित हैं एवं उनकी अंतराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन परियोजना से जुडे हुए हैं। देश के विभिन्न स्थानों पर इन विषयों पर लोगों को जागरूक करने में लगातार प्रयासरत हैं। आपके कारण पुणे एवं उसके आसपास के कई क्षेत्र वर्षा के जल का संचय कर स्वयं को टैंकर मुक्त कर पाये है।

उन्होंने विकास की दौड़ में पर्यावरण कैसे पीछे छूट जा रहा है, इसपर एक तथ्यों से परिपूर्ण व्याख्यान दिया. आने वाले समय में जलवायु परिवर्तन से होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने हर व्यक्ति को अपने आस पास पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया.

इस ऑनलाइन व्याख्यान में प्रो नंदिता सिंह,प्रो अनुभूति दुबे, प्रो सुनीता मुर्मू, प्रो दिव्या रानी, प्रो संगीता पांडेय, प्रो सुषमा पांडेय, प्रो अनिल द्विवेदी, प्रो वी एन पांडेय, प्रो रविकांत उपाध्याय, प्रो परमहंस पाठक, विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक, व् अनेक छात्र शामिल हुए. डॉ स्मृति मल ने सबका स्वागत किया, प्रो वीना बी कुशवाहा ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया, व् प्रो पूजा सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया.

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur